**मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के एक्शन ने कर दिया भंडाफोड़, जानिए हाईवे पर कार से उतरकर लोडिंग टेंपो में क्यों बैठ गए?**



राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने आज नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। यहां नकली डीएपी, एसएपी और पोटेशियम बनाया जा रहा था। फैक्ट्री पर छापा मारने के लिए मंत्री किरोड़ी लोडिंग टेंपो में बैठकर पहुंचे। फैक्ट्री किशनगढ़ के उदयपुर कलां क्षेत्र में थी। दरअसल, कृषि मंत्री किशनगढ़ के रलावता गांव में कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 2 बजे वे यहां से सिलोरा होते हुए भीलवाड़ा की तरफ जा रहे थे। इस दौरान वे कार से हाईवे पर उतर गए और फैक्ट्री में जा रहे लोडिंग टेंपो में बैठकर अधिकारियों को पीछे आने के लिए कहा।

Source: https://www.indiatv.in/rajasthan/agriculture-minister-kirori-lal-meena-raids-fake-dap-fertilizer-factories-2025-05-29-1138994